### बारिश कराने वाले बादल नहीं हो रहे मेहरबान, किसान हो रहे चिंतित

# अभी मध्यम बूंदाबांदी के आसार, 15 जुलाई से हो सकती है तेज बारिश

जिले में बारिश का दौर फिलहाल थमा हुआ है। लेकिन मौसम विदों के अनुसार आगामी दो दिनों में अच्छी बारिश के आसार बन रहे हैं यह खबर किसानों के लिए राहत भी हो सकती है। मौसम विभाग ने 15 जुलाई तेज बारिश की संभावना जताई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जुलाई का एक पखवाड़ा बीतने को है और तेज बारिश का शहरी सहित ग्रामीण इलाकों में अता-पता नहीं है। बारिश नहीं होने से अन्नदाता परेशान तो आमजनों की सेहत भी बिगड़ रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रफ लाइन के ऊपर खिसक जाने से बारिश वाले बादल नहीं बन पा रहे है। अभी कहीं मध्यम तो कही बूंदाबांदी ही होगी। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है बंगाल की खाड़ी में एक कम दवाव का क्षेत्र बना है जिससे 15-16 जुलाई को तेज बारिश के आसार बन रहे हैं।

### नलकूप का सहारा ले रहे

किसान खेत तैयार करके बैठा है, कहीं तैयारी चल रही है। धान के लिए खेत तैयार करके अब किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है, जो फिलहाल नहीं हो पा रही है। ऐसे में खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान और सोयाबीन के किसानों की चिंता बढ़ गई है।

**सूखने लगे धान के रोपे, किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें**



### गत वर्ष के आंकड़े से अभी दूर है इस वर्ष बारिश

जिले में 1 जून 2024 से अभी तक जिले में 191.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 216.0 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 12 जुलाई 2024 को प्रातः 8 बजे तक केवल तहसील डोलरिया में 12.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। तहसील नर्मदापुरम में, सिवनीमालवा, इटारसी, माखननगर, सोहागपुर, पिपरिया, बनखेड़ी एवं पचमढ़ी वर्षा नही हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 934.96 फीट है, तवा जलाशय का 1120.80 फीट है, बरगी जलाशय का 411.50 मीटर एवं बारना जलाशय 342.96 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है। वहीं विभाग द्वारा आगामी बारिश का मौसम देखते हुए बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम स्थापित किये गये हैं जिनसे बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित होने पर परिस्थितियों से निपटा जा सकता है।

### फिलहाल दौर कमजोर

फिलहाल मानसून का दौर कमजोर पड़ गया है। शनिवार को जिले में कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। अन्य जगह उमस से लोग परेशान रहे। मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह से प्रदेश में तेज बारिश की संभावना है।

### किसानों के रोपे तैयार

जिले में 2 लाख 29 हजार 42 हेक्टेयर में धान बोवनी का लक्ष्य रखा गया है। इसमें अभी तक 135.28 हजार हेक्टेयर में धान लग चुकी है। जून के बाद जुलाई के 13 दिन बीतने के बाद भी तेज बारिश नहीं हो रही है। इस कारण खेतों में लगे धान के पौधे खराब होने लगे हैं। पंप मोटर से सिंचाई के बाद भी धान बेहाल हो रही है। ग्राम पांजरा,कांद्रखेड़ी, रेसलपुर, बम्हनगांव, रोहना, नोहर, पालनपुर सहित दर्जनभर गांवों में किसानों ने खेतों में धान के रोपे लगाने बंद कर दिए हैं। किसानों का कहना है कि जून के महीने से महंगे दामों पर रोपे बनाए, मजदूरी देकर खेतों में बरा (प्लॉट) तैयार कराए थे। उसमें मोटर के जरिए पानी भरा कर रोपे लगाए थे। सोचा था कि तेज बारिश होगी, लेकिन बारिश के आसार नजर नहीं आ रहे है। वहीं मौसम वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव का कहना है कि जिले में 15-16 जुलाई से तेज बारिश के आसार है।

### गर्मी उमस से परेशान हो रहे नागरिक

पिछले एक सप्ताह से पड़ रही तेज उमस और गर्मी से आमजन जीवन परेशान है। दिन बादलों की आंख मिचौली और रात में उमस बढ़ गई है।

# उपार्जन केंद्रों में बिना स्लॉट बुक मिली मूंग, 3 वेयरहाउसों को मिले नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मूंग उपार्जन केंद्रों पर लापरवाही बरती जा रही है। वेयरहाउस संचालक व सहकारी समिति निर्धारित मापदंडों को दरकिनार करके मनमानी कर रहे हैं। पिछले दिनों निरीक्षण के दौरान लापरवाही बरती गई थी, इसके बाद वेयरहाउस लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन ने आरती वेयरहाउस आंखमऊ, बाबा वेयरहाउस एवं परम वेयरहाउस के संचालकों को नोटिस जार किया है।

जानकारी के अनुसार आरती वेयरहाउस ग्राम आंखमऊ एवं बाबा वेयरहाउस गूजरवाडा का निरीक्षण में बगैर स्लॉट बुकिंग एवं बिना पंजीयन के मूंग के ढेर पाए गए, जो कि उपार्जन नीति का उल्लंघन है। परम वेयरहाउस सनखेड़ा के निरीक्षण के दौरान कुल 27 किसानों से 390 क्विंटल की खरीदी की गई थी। जिसमें से 63 क्विंटल की आरटी की गई थी। शेष लंबित के गोदाम में खिड़की के नीचे रख दी गई, तो खुली थी। बारिश के पानी की बौछारें मूंग पर आ रही थी। जिससे मूंग गीला हो गई। उक्त तीनों वेयर हाउस संचालकों से 3 दिनों में जवाब मांगा है। संतोष जनक जवाब नहीं आने पर कार्रवाई होगी।

### चंदन मंडल का संतूर वादन कल

**नर्मदापुरम।** समेरिटंस स्कूल के संगीत विभागाध्यक्ष डा चंदन मंडल का संतूर वादन कार्यक्रम सोमवार को दूरदर्शन पर प्रसारित होगा। कार्यक्रम का प्रसारण नमस्कार एमपी कार्यक्रम के तहत एक मुलाकात के तहत सुबह 8 से 9 बजे तक होगा। इस दौरान डा मंडल मानव जीवन में संगीत की उपयोगिता पर भी वार्तालाप करेंगे। ज्ञात रहे कि डा मंडल अपने हौसले से कैंसर जैसी घातक बीमारी को मात दे चुके हैं। उनके प्रसारण के पूर्व समेरिटंस ग्रुप के डा आशुतोष शर्मा, प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, आरके सिंह, सलिल साकल्ले, प्रमोद शर्मा ने शुभकामनाएं प्रेषित की।




# 15 लाख से अधिक के कर जमा किए




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नेशनल लोक अदालत में मिले अधिभार में छूट के चलते नागरिकों में कर जमा करने के प्रति काफी रुझान बढ़ा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने बताया कि अलसुबह से शुरू हुई नगरपालिका कार्यालय में नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने अपने करों का भुगतान किया। नगरपालिका परिषद कार्यालय पहुंचकर नेशनल लोक अदालत में करीब 15 लाख से अधिक की राशि का नागरिकों ने करों के रूप में जमा किए गए हैं। सीएमओ श्रीमती पटले ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने करों का भुगतान करें। नगर विकास में सहभागी बनें और असुविधा से बचें।

# 31 बेसहारा पशुओं को बीटीआई गौशाला छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर पालिका हाका दल द्वारा जुमेराती काली मंदिर,मंगलवारा घाट, मालाखेड़ी रोड से 31 बेसहारा पशुओं को पशु वाहन में पकड़ कर गौ शाला में छोड़ने की कार्यवाही की गई।

हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशानुसार शहर में आवारा मवेशियों को पकड़ कर बीटीआई गौ शाला में छोड़ने की कार्यवाही की जा रही है जो कि निरंतर चलती रहेगी।

वहीं पशुपालकों से अपील कर अपने पशुओं को घर मे बांध कर रखने की समझाइश दी गई साथ ही जुर्माने की कार्यवाही भी की जा रही।

# शाला की गौरवमयी परंपरा को आगे बढ़ाए कैबिनेट : सांसद माया नारोलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शांति निकेतन मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नवीन छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया मौजूद रही। स्कूल के प्राचार्य डॉ. केएम जार्ज एवं चेयरपर्सन ग्रेस जॉर्ज द्वारा राज्यसभा सांसद माया नारोलिया का पुष्प गुच्छ एव शाल श्रीफल देकर स्वागत सम्मान किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलंन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर माया नारोलिया ने कहा कि शांतिनिकेतन स्कूल अपने 43 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुका है एवं अपने 44 वे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इन 44 वर्षों में शांतिनिकेतन मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पदों पर पहुंचकर नर्मदापुरम नगर का गौरव बढ़ाया है। मैं आशा करती हूं कि शपथ ग्रहण के पश्चात कैबिनेट के सभी मेंबर्स अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे और शाला की गौरवमयी परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। इस संपूर्ण शपथ ग्रहण कार्यक्रम का मंच संचालन संस्था की हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डा हेमलता पुरोहित द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के अंत में सुश्री अर्पिता लक्ष्मण द्वारा आभार व्यक्त किया गया। शाला की को ऑर्डिनेटर सुश्री संगीता बोरासी के निर्देशन में कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। इसके पूर्व शाला के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम शाला नायक के रूप में आयुष तिवारी एवं शाला उपनायक के रूप में महक मौर्या को शपथ दिलाई गई एवं शाला ध्वज प्रदान किया गया। बेस्ट हाउस कैप्टन के रूप में अभिराज सिंह राजपूत एवं उप कप्तान के रूप में माधव कुमार, एक्सीलेंट हाउस के कप्तान के रूप में रोहन चंद्र मौर्या एवं उप कप्तान के रूप में हर्ष नारायण मिश्रा आदि को शपथ दिलाई गई।




# एनसीसी कैडेट बनने के लिए विद्यार्थियों ने लगाई दौड़, लगाए दंड-बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्प्रिंडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 13 एनसीसी बटालियन के दल हेतु विद्यालय में शनिवार को एनसीसी जूनियर डिवीजन के कैडेट्स की भर्ती की गई। विद्यार्थियों का चयन कमान अधिकारी कर्नल हरप्रीत सिंह, एडमिन ऑफिसर एस चटवाल एवं सूबेदार मेजर जीबी सिंह के मार्गदर्शन में कराया गया।

विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धाओ जैसे 400 मीटर दौड़, कद, वजन, सिटअप, पुशअप टेस्ट के फिजिकल टेस्ट से व मौखिक टेस्ट प्रक्रिया को पार करते हुए किया गया जिसमें स्कूल के 25 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इस परीक्षा का आयोजन 13 एम पी बटालियन नर्मदापुरम के हवलदार हरीश जोशी व नायक सूबेदार लोकेश कुमार निर्देशन में हुआ। सीटीओ कमलेश संतोरे, पीटीआई गोविंद झारखंडे ने सहयोग किया। प्राचार्य मोना चटर्जी ने चयनित कैडेट्स को बधाई दी। इसके साथ ही एनसीसी कैडेट्स ने पेपर बैग डे के अंतर्गत पेपर बैग बनाएं एवं एक्टिविटी के अंतर्गत कैडेट्स ने रैली निकालकर दुकानदारों को पेपर बैग वितरित किए। गतिविधि का उद्देश्य शहर को प्रदूषण मुक्त बनाना व पर्यावरण संरक्षण के लिए जनजागरण था।

### समेरिटंस एनसीसी केडिट्स ने रोपे पौधे

**नर्मदापुरम।** 13एमपी बटालियन से संबद्ध समेरिटंस हायर सेकंडरी स्कूल नर्मदापुरम के एनसीसी केडिट्स ने संस्था प्राचार्य प्रेरणा रावत के मार्गदर्शन में एक पेड़ एक केडिट्स अभियान शुरू किया। इसके पहले संस्था के एनसीसी केडिट्स ने थैलीसेमिया रोग को जड़ से मिटने हेतु जागरूकता रैली भी आयोजित की। पूरे अभियान में एनसीसी मेनेजर प्रदीप याद‌व एसोसिएट एनसीसी आफिसर टीओ विजय प्रकाश श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। उन्होंने केडिट्स को लोगों में जागरूकता फैलाने के संबंध में जरूरी जानकारी दी। इन सभी गतिविधियों के सफल आयोजन की संस्था डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा एवं बटालियन के अधिकारियों ने प्रशंसा की।

### शासन से मिले कलीपर्स से मिली मदद

# विकलांगता को हरा रहा छात्र विनायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

यदि जज्बा हो तो कोई भी मुसीबत हावी नहीं हो सकती है। यह कहावत चरितार्थ करते हुए शहर के विक्रम नगर रसूलिया में रहने वाले एक निजी विद्यालय के शिक्षक अनिल पाण्डे के करीब 14 वर्षीय बालक विनायक पाण्डे ने अपनी दिव्यांगता को पराजित कर पूरी की है।

दरअसल 13 अप्रैल 2010 को मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मा बालक विनायक जन्म से ही दिव्यांगता से ग्रसित था। जिसकी चिंता माता पिता के अलावा परिजनों को हमेशा रहती थी लेकिन जब्बे से परिपूर्ण बालक ने हार नहीं मानी और शिक्षा ग्रहण करने की जिद करने लगा। माता पिता ने बालक को स्कूल में दाखिला तो दिलवा दिया लेकिन परेशानियां बढ़ती गई। अंततः शहर के केन्द्रीय विद्यालय में बालक को दाखिला दिलाया और वह सारी परेशानियों को झेलते हुए कक्षा नवमीं का छात्र है। हाल ही में सरकार द्वारा दोनों पैरों से दिव्यांग विनायक को कैलीपर्स की सुविधा प्रदान कर उसे आगे बढ़ने का मौका दिया। सुविधाओ को प्राप्त कर वह खुश है। विद्यालय के प्राचार्य राजेश शर्मा एवं खेल शिक्षक अनुराग मिश्रा ने बताया कि पैरों से दिव्यांग होने के बाद भी वह अन्य बच्चों को यह अहसास नहीं कराता कि वह सामान्य नहीं है। खेल शिक्षक अनुराग मिश्रा ने बताया कि वह होनहार और नर्मदांचल को गौरावित करेगा। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध कराई है जिससे वह बॉस्केटबॉल अच्छी तरह खेल रहा है।



### समाज और राष्ट्र की सेवा का जज्बा

विनायक पाण्डे की माताजी बबीता पांडे ने बताया कि विनायक जन्म से ही दिव्यांगता से ग्रसित है। जिसकी वजह से विनायक का चलने फिरने व उठने बैठने व वस्तुओं को पकड़ने में तथा नित्य दिनचर्या में भी परेशानी होती थी। अब विनायक किसी भी सहायता के बिना केलीपर्स पहनकर स्कूल जाते है। विनायक का कहना है कि मैं पूरी पढ़ाई कर अच्छा पद हासिल करते हुए देश और समाज की सेवा करना चाहता हूं।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूल का निरीक्षण



**नर्मदापुरम।** शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम एसपीएस बिसेन द्वारा निमसाड़िया हायर सेकेंड्री स्कूल का सुबह 10:30 बजे निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कक्षा में बच्चों के ज्ञान का स्तर का पता लगाया गया। बिसेन ने निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य सीमा भलावी के समय से नहीं आने के कारण, उनका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। विदित हो कि पिछले एक सप्ताह से शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों को समय पर आने की हिदायत दी जा रही है। वहीं कुछ स्कूलों में नोटिस देकर वेतन भी काटे गए हैं।

# पर्यटन विभाग द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर करने दिए जा रहे प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




नर्मदापुरम जिले में पर्यटन स्थलों पर मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा लगातार 50 पर्यटन स्थलों पर अलग अलग संस्थाओं द्वारा महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल हेतु दिये जा रहे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पर्यटन स्थल पर महिलाओं को स्वतंत्र घूमने की एक बड़ी पहल है इसी तारतम्य में मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन एवं इंडियन ग्रामीण सर्विसेज द्वारा पीजी कॉलेज पिपरिया में 5 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। उधमिता साफ्ट स्किल, डिजिटल मार्केटिंग और सोशल मीडिया का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण समापन के दौरान कार्यक्रम में कॉलेज से पीजी विभाग की डॉ. अनीता सेन, महिंद्रा इंस्टीट्यूशन से सुश्री अपर्णा विश्वकर्मा, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद से पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर और इंडियन ग्रामीण सर्विसेज से पिनाकी नायक (आईजीएस) के सहयोग से सत्र आसानी से चला गया जिसमे कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा परियोजना के तहत सभी 50 पर्यटन स्थलों पर लगातार महिलाओं को सुरक्षित पर्यटन हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही महिलाओं को प्रशिक्षण उपरांत रोजगार भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं वही आई जी एस संस्था के सदस्य पिनाकी नायक द्वारा बताया गया कि पर्यटन स्थलों पर ग्रामीणों को लगातार विभिन्न प्रशिक्षण महिलाओं को दिए जा रहे हैं साथ ही होमस्टे केलिए भी प्रेरित किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों का जीवन स्तर में सुधार भी आ सके साथ ही महिलाओं को प्रशिक्षित कर पर्यटन स्थलों पर उन्हें रोजगार भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ आज

**बैतूल।** जयवंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में रविवार को दोपहर 1.30 बजे उद्घाटन किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मप्र शासन नारायण सिंह पंवार, अध्यक्षता हेमंत खंडेलवाल विधायक बैतूल, विशिष्ट अतिथि डॉ. योगेश पंडाग्रे विधायक आमला, चन्द्रशेखर देशमुख विधायक मुलताई, गंगाबाई उईके विधायक घोड़ाडोंगरी, राजा पवार जिला पंचायत अध्यक्ष, आदित्य (बबला) शुक्ला जिला योजना समिति के सक्रिय सदस्य, शघनश्याम मदान अध्यक्ष जनभागीदारी समिति प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालयों का वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम भारत सरकार के गृहमंत्री शअमित शाह एवं मप्र शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा रविवार को दोपहर 2 बजे से अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर से किया जाएगा। डॉ चौबे ने बताया कि मध्य प्रदेश के 55 जिलों के 55 शासकीय महाविद्यालयों को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयित करते हुए उन्हें बहु संकायी बनाने तथा स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें जयवंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल भी शामिल है। डा चौबे ने बताया कि एक्सीलेंस कॉलेजों की विशेषता यह होगी कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप इनमें सभी कोर्स उपलब्ध होंगे तथा ये कॉलेज सभी संसाधनों से युक्त होंगे। युवा पीढ़ी को इन कॉलेजों का लाभ मिलेगा। महाविद्यालय को अधोसंरचना विकास के लिये लगभग 602.00 लाख रूपये तथा वार्षिक आवती व्यय रू. 160.50 लाख की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। कॉलेज कैंपस विकास हेतु राशि 40 लाख जारी किए जा चुके है। बायोटेक्नोलाजी एवं कंप्यूटर साइंस एवं मनोविज्ञान नवीन विषय खोले जा रहे हैं। महाविद्यालय में 25 नये पद सृजित किये गये है डा चौबे ने बताया कि महाविद्यालय में 18 शैक्षणिक पद एवं 07 अशैक्षणिक पद स्वीकृत किए गये हैं। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने बताया कि एक बस सेवा प्रारंभ की जाएगी।

### झोलाछाप डॉक्टर के ठिकाने पर मारा छापा

**शाहपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैतूल के निर्देशानुसार शनिवार को डॉ एसके रघुवंशी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम ने ग्राम रामपुर माल में झोलाछाप बंगाली डॉ आशीष पाल पर कार्रवाई की। टीम ने क्लीनिक में उपलब्ध दवाइयां जब्त कर पंचनामा तैयार बनाया। डॉ रघुवंशी ने झोलाछाप डॉ से अपने दस्तावेज दिखाने व डिग्री दिखाने का बोला तब डॉ आशीष पाल ने बताया कि मेरे पास कोई डिग्री नहीं है न ही दस्तावेज नहीं दिखाए।

### ग्वालियर भर्ती कर वायाविक्षिप्त महिला को

**बैतूल।** थाना चोपना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बटकी डोह से 7 जुलाई को डॉयल 100 पर सूचना प्राप्त होने पर थाना चोपना से डॉयल 100 स्टाफ एवं महिला पुलिस बल द्वारा एक अज्ञात महिला उम्र करीबन 35 वर्ष को थाना लेकर आये ,उक्त महिला से पूछताछ करने पर उसके द्वारा नाम पता नही बताया जो अपने आप से बडबडाती रही, जिसको थाना पुलिस बल सउनि रमेश कुमार धुर्वे, अमित बुनकर एवं चन्द्रकांता द्वारा जिला चिकित्सालय बैतूल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया था। उक्त अज्ञात विक्षिप्त महिला का चार दिन तक इलाज जिला अस्पताल में कराया जाकर मनोरोग चिकित्सक की अभिमत उपरांत न्यायालय से आदेश प्राप्त कर 11 जुलाई को मानसिक आरोग्यशाला ग्वालियर में इलाज हेतू भर्ती कराया गया है।

### पौधरोपण कर देखभाल करने का लिया संकल्प

**सीहोर।** पेड़-पौधे हमारे प्राणदाता हैं। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि हम ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें। इसी संकल्प के साथ बारियों शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति एवं तारा फाउंडेशन द्वारा पौधरोपण किया।

## ताप्ती जन्मोत्सव पर तट पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, लगाई श्रद्धा की डुबकी

# श्रद्धालुओं ने यात्रा निकालकर मां ताप्ती को ओढ़ाई 101 मीटर लंबी चुनरिया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ताप्ती जन्मोत्सव पर पवित्र नगरी धर्म नगरी बनी हुई है। सुबह से ही ताप्ती भक्त हाथों में श्रद्धा सुमन थाल लिए, आंखों में मां ताप्ती दर्शन की आश लिए, ताप्ती तट पहुंचने लगे थे। दूर दूर से आए ताप्ती भक्तों ने ताप्ती कुंड सरोवर में श्रद्धा की डुबकी लगाकर कर मां ताप्ती दर्शन लाभ प्राप्त किया और मान्यता अनुसार असीम पुण्य की प्राप्ति की। इस अवसर पर ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र के सभी मंदिरों में विशेष साज-सज्जा की गई है। मां ताप्ती का सुंदर फूलों से बांग्ला सिंगार किया गया जो की आकर्षण का केंद्र है। ताप्ती जन्मोत्सव पर ताप्ती मंदिर में प्रातः विशेष पूजा अर्चना की गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया है। जन्मोत्सव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं । पाइंट चिन्हित कर जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल है। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां ताप्ती सेवा मंडल ने चुनरी यात्रा निकालकर मां ताप्ती को 101 मीटर की चुनरी ओढ़ाई। दोपहर को ताप्ती तट से मां ताप्ती की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें अनेक झांकियां एवं नृत्य मंडलियों ने भाग लिया झांकी में बजरंगबली की विशाल प्रतिमा की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा ताप्ती तट से निकलकर संपूर्ण नगर में भ्रमण कर ताप्ती मंदिर पर समाप्त हुई ताप्ती शोभा यात्रा का जगह-जगह नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

### अनेक नेताओं ने लिया ताप्ती जन्मोत्सव में भाग

ताप्ती जन्मोत्सव पर संपूर्ण जिले के एवं स्थानीय अनेक नेता ताप्ती तट पहुंचे और मां ताप्ती की पूजा अर्चना कर ताप्ती जन्मोत्सव पर होने वाले अनेक धार्मिक आयोजनों में भाग लिया। इस अवसर पर ताप्ती तट पहुंचने वाले नेताओं में केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डीडीउइके, भाजपा विधायक चंद्रशेखर देशमुख, पूर्व विधायक सुखदेव पांसे, पूर्व रोजगार निर्माण बोर्ड के अध्यक्ष हेमंत विजय राव देशमुख ,नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीतू प्रहलाद परमार आदि।

### जगह-जगह हुए भंडारे

ताप्ती जन्मोत्सव के अवसर पर जहां जगह-जगह स्वागत द्वारा लगाए गए हैं। वही संपूर्ण नगर मां ताप्ती के बैनर ध्वज से पट गया है संपूर्ण पवित्र नगरी धर्मनगर दिखाई दे रही है विभिन्न संगठन जगह-जगह भंडारा प्रसादी वितरण करते देखे जा सकते हैं। पवित्र नगरी धार्मिक लड़की के साथ ही आपसी भाईचारे की मिसाल भी है ताप्ती जन्मोत्सव पर अनेक संगठनों ने भंडारा प्रसादी वितरण की वही इसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने भी स्वागत और भंडारा प्रसादी वितरण की भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला कोषाध्यक्ष जफर पटेल में रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्टाल लगाकर भंडारा प्रसादी वितरण की और माता की जन्मोत्सव में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की इसके साथ ही विभिन्न संगठनों ने भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया इसके अलावा बस स्टैंड पर ऑटो यूनियन एवं टैक्सी यूनियन ने विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया। फव्वारा चौक पर व्यापारी संघ द्वारा एवं अनेक संगठनों द्वारा संपूर्ण नगर में लगभग 50 से अधिक भंडारों का आयोजन किया गया। ताप्ती तट से निकली गई मां ताप्ती की शोभायात्रा में अनेक झांकियां एवं नृत्य मंडलियों ने भाग लिया।

## यात्रा में विधायक चंद्रशेखर देशमुख थिरके

# मां ताप्ती ध्वज यात्रा में 5 हजार श्रद्धालुओं ने की शिरकत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल /मुलताई

मुलताई क्षेत्र में दशकों से धार्मिक आयोजन कर रहे समाजसेवी बैतूल विरासत समिति के संयोजक राजू पवार और समिति के मुलताई ब्लाक अध्यक्ष हेमसिंह चौहान के नेतृत्व में ताप्ती जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल ध्वज यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा ।

लगातार दूसरे वर्ष आयोजित इस ध्वज यात्रा में डेढ़ सैकड़ा से अधिक भजन मंडलियों की भजन प्रस्तुति ने ध्वज यात्रा को ऐतिहासिक बना दिया। बैतूल विरासत समिति के सदस्य पत्रकार धीरज अवस्थी ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह शनिवार 13 जुलाई को दोपहर में मुलताई के ग्राम कामथ से ध्वज यात्रा निकली।

ताप्ती जन्मोत्सव पर आयोजित ध्वज यात्रा में मुलताई क्षेत्र के 101 ग्रामों की ग्रामीण शामिल हुए और 101 ध्वज लेकर पदयात्रा करते हुए सूर्यपुत्री मां ताप्ती के उद्गम स्थल मुलताई पहुंचकर मां ताप्ती को समर्पित किए हैं। ताप्ती ध्वज यात्रा के संयोजक राजू पवार ने नाव में सवार होकर ताप्ती स्तंभ में समस्त ध्वज को अर्पित किया। इस ध्वज यात्रा में शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक चंद्रशेखर देशमुख भी उस समय थिरकने लगे गए जब डीजे में धार्मिक गानों के धुन बजने लगे । विधायक देशमुख सहित शामिल धर्म प्रेमियों ने जमकर नाचे जो कि विशेष आकर्षण रहा।

बैतूल मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख के साथ ही पिछड़ा वर्ग महापंचायत भोपाल और विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा,किशन बुदनी वाले विशेष रूप से ध्वज यात्रा में शामिल थे।

विरासत समिति की अध्यक्षा बिंदु राजू पवार ने बताया कि इस ध्वज यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया गया पूरी विधानसभा क्षेत्र के गांव के लोग जिस तरीके से इस ध्वज यात्रा में शामिल हुए हैं उसे देखकर लगता है कि लोगों में जितनी आस्था मा ताप्ती के प्रति है उतना ही समर्पण इस धर्म यात्रा के सूत्रधार ब विरासत समिति के संयोजक और समाजसेवी अनुराग राजू पवार के प्रति भी है ।

## डॉ. रूपेश पद्माकर ने अपने खर्च से किया इलाज

# पेड़ से गिरने से टूटी थी जांघ की हड्डी, इलाज कराने बेच दिया बैल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला अस्पताल में कुछ डॉक्टर ऐसे भी है जो मानवता की मिसाल बनकर गरीब मरीजों के उपचार के लिए स्वयं की जेब से राशि खर्च करने में भी पीछे नहीं हटते है। ऐसे ही डॉक्टरों के कारण धरती के भगवान की कहावत चरितार्थ होती है। जिला अस्पताल बैतूल में पदस्थ हड्डी रोग विशेष डॉ. रूपेश पद्माकर इन्ही डॉक्टरों में से एक है। जिन्होंने एक गरीब मासूम के पैर का ऑपरेशन करवाने के लिए घर का बैल बेचकर जिला अस्पताल पहुंचे परिवार से पहले तो उनके द्वारा बेचा गया बैल वापस करवाया फिर स्वयं की राशि से ऑपरेशन सामग्री बुलवाकर जिला अस्पताल में ही हड्डी का मेजर ऑपरेशन कर मासूम के पैर में रॉड डाल दी। ऑपरेशन के बाद शीघ्र ही मासूम अपने पैरों पर खड़ा हो जाएगा। ऑपरेशन में जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ. रानू वर्मा एवं डॉ. प्रकाश चंदेलकर ने भी पूरा साथ दिया है।

सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम उमनपेठ निवासी 9 वर्षीय मासूम चेतन पिता वासूदेव उईके विगत 18 जून को गांव में ही जामून के पेड़ से गिर गया था। जिससे उसके बाएं पैर के जांघ की हड्डी टूट गई थी। चेतन की माँ नहीं है। मजदूर पिता वासूदेव और बुआ सज्जो बाई 18 जून को ही उसे जिला अस्पताल लेकर आएं। यहां एक्स-रे में पता चला कि उसके पैर में जांघ्र की हड्डी टूटी है। जिसका मेजर ऑपरेशन होना है। चूंकि जिला अस्पताल में ऑपरेशन सामग्री नहीं होने से हड्डी के मेजर ऑपरेशन नहीं हो रहे है। जिससे मरीजों को हमीदिया अस्पताल भोपाल रेफर किया जाता है या सक्षम मरीज प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन करवाते है। चेतन को भी ऑपरेशन करवाने भोपाल रेफर कर दिया गया।

### डॉक्टर ने वापस करवाया बैल

चेतन के पिता मजदूरी करते है, उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से भोपाल जाना संभव नहीं था। ऐसे में चेतन की बुआ सज्जोबाई गांव गई और चेतन का इलाज करवाने के लिए एक बैल 90 हजार रूपए में बेच दिया। बैल बेचकर सज्जोबाई 10 हजार रूपए लेकर जिला अस्पताल आ गई। डॉ. रूपेश पद्माकर को उक्त बातें बताई तो उन्होंने सबसे पहले सज्जो बाई से कहा कि वे गांव जाकर अपना बैल वापस घर ला ले एवं उसे 10 हजार रुपए लौटा दे। चेतन का उपचार मैं स्वयं करूगा। सज्जोबाई ने गांव जाकर अपना बैल वापस ले लिया और 10 हजार रूपए वापस डॉ. रूपेश पद्माकर ने स्वयं के पैसे से लगभग 3 हजार रूपए की ऑपरेशन सामग्री बुलवाई। जिला अस्पताल में पदस्थ एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के छुट्टी पर होने से आरएमओ डॉ. रानू वर्मा ने ऑपरेशन के लिए मरीज को एनेस्थिसिया दिया।

### वन विभाग ने पकड़ी अवैध सागौन

**बैतूल।** चिचोली वन परिक्षेत्र के रतनपुर बीट में बड़ी मात्रा में सागौन की का कर आरोपियों पर वन अमले ने कार्यवाही की है। जानकारी के मुताबिक चिचोली परिक्षेत्र अंतर्गत यह छापामार कार्यवाही की गई। परिक्षेत्र चिचोली के बीट रतनपुर में छापामार कार्रवाई में 65 नग, 0.509 घन मीटर सागौन चिरान और औजार जब्त किए गए एवं परिक्षेत्र चिचोली के ग्राम नांदा में पांच घरों में छापामार कार्रवाई की गई। इसमें राजकुमार विश्वकर्मा के घर से 41 नग 0.113 घन मीटर, लंकेश यादव के घर से 6 नग, 0.022 घन मीटर, बस्तीराम यादव के घर से 0.064 घन मीटर, किशन यादव के घर से 7 नग 0.104 घन मीटर, गब्बू यादव के घर से निरंक सागौन चिरान है।

## ब्रिज कॉर्पोरेशन, पीडब्लूडी के इंजीनियरों और राजस्व विभाग ने किया सर्वे

# करबला पर नया ब्रिज बनने पर भी यथावत रहेगा पुराना पुल, विधायक ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला मुख्यालय बैतूल सहित जिले की बड़ी आबादी के लिए वरदान माने जा रहे माचना करबला पर उच्च स्तरीय ब्रिज निर्माण के लिए बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल द्वारा बजट में 6.72 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान करवाया गया है। इसके बाद ब्रिज कॉर्पोरेशन द्वारा ब्रिज निर्माण के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शुक्रवार देर शाम को बैतूल विधायक खण्डेलवाल के साथ ब्रिज कॉर्पोरेशन एवं पीडब्लूडी के इंजीनियरों और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बैतूल खेड़ी सांवलीगढ मार्ग पर करबला स्थित माचना नदी पर उच्च स्तरीय ब्रिज निर्माण के लिए भौगोलिक सर्वे किया गया। बैतूल विधायक के साथ पीडब्लूडी की कार्यपालन यंत्री प्रीति पटले एवं ब्रिज कॉर्पोरेशन के एसडीओ



गिरीश हिंगवे नें निर्माण स्थल का भ्रमण किया। इंजीनियरों द्वारा भौगोलिक सर्वे कर सुगम यातायात एवं ब्लेक स्पाट न बनें, इसको ध्यान में रखते हुए ब्रिज निर्माण के लिए एलाइन्मेंट डिसाइड किया गया। साथ ही उच्च स्तरीय ब्रिज निर्माण के लिए राजस्व विभाग के अमले के साथ भूमि के प्रपोजल पर चर्चा की गई।

### पंद्रह मीटर की होगी चौड़ाई

बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल ने टू लेन बनने वाले ब्रिज की प्रस्तावित चौड़ाई 12 मीटर से बढ़ाकर 15 मीटर करनें के निर्देश इंजीनियरों को दिये। जिससे ब्रिज पर आवागमन सुविधाजनक हो सके। उन्होनें ब्रिज कॉरर्पोशन के इंजीनियरों को जल्द से जल्द डीपीआर का प्रस्ताव बना कर शासन को भेजने के निर्देश दिये। जिससे प्रशासकीय स्वीकृति एवं तकनीकि स्वीकृत की कार्यवाही हो सके।

### नाले पर बनेगा बॉक्स कलवर्ट

करबला ब्रिज के लगभग 100 मीटर पहले स्थित नाले में अक्सर आने वाली बाढ़ की समस्या के निराकरण के लिए बैतूल विधायक ने इंजीनियर को उच्च स्तरीय ब्रिज निर्माण के प्रोजेक्ट में उक्त नाले को कव्हर करनें के निर्देश दिये। ब्रिज कार्पोरेशन के एसडीओ श्री हिंगवे ने विधायक को बताया कि ब्रिज निर्माण के प्रोजेक्ट में नाले पर बॉक्स कल्वर्ट का प्रपोजल बनाया जायेगा।

## सिविल सर्जन की तलाश शुरू

# जिला अस्पताल के दो डॉक्टर नवंबर में हो जाएंगे रिटायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला अस्पताल के नवम्बर और दिसम्बर में दो डॉक्टर रिटायर होंगे। सीएस डॉ अशोक बारंगा का नवम्बर माह में रिटायरमेंट होना है। हाल ही में डॉ अशोक बारंगा ने स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर अपने रिटायरमेंट की जानकारी दी है। इसके बाद अब नए सिविल सर्जन (सी.एस.) की अभी से तलाश शुरू हो गई। हालांकि सीएस की कतार में कई नाम सामने आ रहे है। नाम तो कई सामने आ रहे है अनुभव डॉक्टर ही इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को संभाल सकते है। जिला चिकित्सालय बैतूल में डॉ. अशोक बारंगा सिविल सर्जन के पद कई वर्षो से पदस्थ है। डॉ बारंगा का 30 नवम्बर को रिटायरमेंट होना है। अपने रिटायरमेंट के कुछ महीने पहले ही डॉ बारंगा ने स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर रिटायरमेंट की जानकारी दी है।

**इन डॉक्टरों के नाम सीएस पद की रेस में:** जानकारी के मुताबिक डॉ. बारंगा ने स्वास्थ्य विभाग को रिटायरमेंट की जानकारी प्रदान की, इसके बाद जिम्मेदारी संभालने के लिए कुछ डॉक्टरों के नाम स्वास्थ्य विभाग को दिए है। इसमें सर्जन डॉ प्रदीप धाकड़, डॉ रूपेश पदमाकर, डॉ वंदना धाकड़, डॉ जगदीश घोरे, डॉ प्रमोद मालवीय, डॉ रेणुका गोहिया का नाम शामिल है।

## उपसंचालक पहुंचे थे मौके पर

# स्कूलों का निरीक्षण, लापरवाह शिक्षकों का कट गया वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। परीक्षा परिणामों को लेकर जहां प्राचार्यों को नोटिस जारी किए गए ये वहीं अब स्कूलों में शिक्षक समय पर पहुंच रहे हैं इसको लेकर सघन निरीक्षण किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान ग्राम बारव्ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 5 शिक्षक निरीक्षण के दौरान उपस्थित नहीं मिले, जिसको लेकर उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। संचालक लोक शिक्षण कार्यालय नर्मदापुरम में पदस्थ उपसंचालक ज्योति प्रहलादी ने 11 जुलाई को शासकीय उमावि बारव्ही का आकस्मिक निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण के दौरान 5 शिक्षक 10.45 बजे तक तथा एक शिक्षक 11 बजे तक उपस्थित नहीं हुए थे। इसको लेकर डीईओ डॉ. अनिल कुशवाह ने शिक्षक दिलीप कुमार पाटिल, ज्योतिबाला बारमासे, अनुराधा बारमासे एवं शाहनूर जावेद तथा भारती जोशी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि पिछले साल परीक्षा परिणाम संतुष्टिजनक नहीं आए थे। जिसको लेकर नए शिक्षा सत्र में शुरूवात से ही परीक्षा परिणाम को सुधारने के लिए कसावट की जा रही है। इसमें सबसे पहले शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचे और बच्चों की पढ़ाई शुरू की जाए।

## नपा के विभिन्न बकाया की वसूली

# नेशनल लोक अदालत 41 प्रकरणों में 2.23 लाख की हुई वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

नगर पालिका परिषद सारनी में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कुल 285 प्रकरणों को सुनवाई के लिए रखा गया था। इसमें से 41 प्रकरणों में सुनवाई हुई एवं उनसे दो लाख 23 हजार रूपए की वसूली की गई। शासन के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर पालिका सारनी में शनिवार को सुबह 11 बजे से किया गया। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी हितेश शाक्य ने बताया कि लोक अदालत में 285 प्रकरणों में से 41 पर ही सुनवाई हो सकी।

बकायादारों को शासन के नियमानुसार सरचार्ज में छूट भी प्रदान की गई। इस अवसर पर सुखदेव बोरहपी, गुरुदेव हाथिया, जसवंत विश्वकर्मा, स्मिता धोटे,उमेश परते, रवि नागले, सुखदेव सिंदूर, अनुराग सहगल, सुशील सहाने, तुलसीराम राजूरकर समेत अन्य लोग उपस्थित थे। नगर पालिका बकायादारों से सतत वसूली कर रही है। नपा ने लोगों से जल्द से जल्द बकाया एवं चालू वर्ष का टैक्स जमा करने की अपील की है।

## एचएमएस यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष व जेबीसीसीआई सदस्य का चौपाल

# भूमिगत खदान के कामगारों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

भूमिगत खदानों में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा से खिलवाड़ यदि प्रबंधन करता है तो यह कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यह बात एचएमएस यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष एवं जेबीसीसीआई सदस्य शिवकुमार यादव ने तवा टू खदान में चौपाल के तहत संवाद कार्यक्रम के तहत भूमिगत खदानों में काम करने वाले कर्मचारियों को संबोधित करते हुए व्यक्ति किया है। तवा टू खदान में काम करने वाले कर्मचारियों के माध्यम से केंद्रीय अध्यक्ष शिवकुमार यादव को खदान से जुड़ी समस्याओं की जानकारी देने का काम किया गया बताया जाता है कि वेकोलि पाथाखेड़ा प्रबंधन के माध्यम से भूमिगत खदान में काम करने वाले कर्मचारियों को 6 माह में जुता दिए जाने चाहिए लेकिन प्रबंधन के माध्यम से एक वर्ष में कर्मचारियों को जूते दिए जा रहे हैं। इलेक्ट्रिकल का काम करने वाले कर्मचारियों को दास्तान नहीं दिए जाते थे इसकी व्यवस्था तत्काल कराई गई है साथ ही कंपनी के कार्य से दूसरे स्थान




पर जाने वाले कर्मचारियों अधिकारियों के हाजिरी की व्यवस्था भी तत्काल मौके पर ही करने की व्यवस्था किए जाने का कार्य करवाया गया है इसके अलावा सुरक्षा किट में भी भारी लापरवाही और धांधलीय बरतने का आरोप प्रबंधन पर कामगारों के माध्यम से लगाया गया, जिस पर एसएमएस यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष एवं जेबीसीसीआई शिव कुमार यादव के माध्यम से संपूर्ण विषय को लेकर क्रमबद्ध तरीके से इस बात को पाथाखेड़ा महाप्रबंधक,सेफ्टी अधिकारी और पाथाखेड़ा क्षेत्र के काम करने वाले दूसरे अधिकारियों से डब्ल्यूसीएल के क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में चर्चा कर व्यवस्था में सुधार करने की बात की है। श्री यादव ने बताया कि भूमिगत खदानों में काम करने वाले कर्मचारियों के माध्यम से 22 ऐसी समस्या है जिसका स्थानीय स्तर पर निराकरण करवाने का कार्य किया गया है इससे भी आश्चर्यजनक बात तैयार रही है कि एचएमएस यूनियन के पदाधिकारी के माध्यम से एक भी समस्या से संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई जबकि एटक यूनियन, बीएमसी और इटक यूनियन के जुड़े सदस्यों के द्वारा एचएमएस यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष को जानकारी दी गई और उनकी 22 समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करवाने का कार्य किया गया जो तारीफे काबिल बताई जा रही है।

### नेतागिरी वालों की जरूरत नहीं

एचएमएस यूनियन के शाखा अध्यक्ष और सचिव के माध्यम से मजदूरों की समस्या को ध्यान से सुनने का कार्य नहीं करते और यही वजह है की संपूर्ण डब्ल्यू सीएल स्तर पर कोयला श्रमिक सभा (एचएमएस) प्रथम स्थान पर है लेकिन पाथाखेड़ा क्षेत्र में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने अपने स्पष्ट रूप से कहा कि एचएमएस यूनियन को ऐसे पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की जरूरत नहीं है जो हाजिरी लगाकर ट्रेड यूनियन का लाभ ले उन्हें ऐसे लोगों की आवश्यकता है।

## सीएमओ की सील-साइन का फर्जी प्रमाण पत्र जारी

# पुराने मामलों पर प्रशासन ने नहीं लिया था संज्ञान, अब पत्र लिखा


सायबर ठगी के जाल की तरह ही अब इटारसी में फर्जी प्रमाण पत्र के मामले बढ़ने लगे है। एक नया मामला सामने आया है जिसमें सीएमओ की पदमुद्रा व हस्ताक्षर से फर्जी विवाह प्रमाण पत्र जारी हुआ है। सीएमओ ने एसडीएम को पत्र लिखकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

लालच की लिंक में उलझकर हर रोज लोग सायबर ठगों का शिकार हो रहे हैं, लेकिन इससे उलट अब शहर में सायबर ठकी की तरह फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का कारोबार फल-फूल रहा हैं। समय रहते प्रशासन के नहीं जागने से मामले बढ़ने लगे हैं। अब तो फर्जीवाड़ा करने वालों ने हद ही पार कर दी है। इटारसी में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के हस्ताक्षर और सील से बना फर्जी विवाह प्रमाण पत्र जारी होने का मामला सामने आने से हड़कंप मंच गया। मामला सीएमओ के संज्ञान में आते ही उन्होंने जांच के साथ ही एसडीएम को पत्र लिखकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की हैं।

### आधार केंद्र पर मिला था फर्जी प्रमाण पत्र

आधार केन्द्र के संचालक चेतन पटेल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋतु मेहरा को लिखे पत्र में फर्जी विवाह प्रमाण पत्र की जानकारी देकर जांच के लिए लिखा है। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई 2024 को आधार सेवा केन्द्र पर आवेदक कृष्णा बावरिया पुत्र राधेलाल बावरिया निवासी वार्ड 8 सुदामा नगर ने अपनी पत्नी रिया बावरिया के आधार कार्ड में पति का


fake marriage certi...

Scanned with OKEN Scanner

मध्य प्रदेश शासन
Government of Madhya Pradesh
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग
(Department of Planning Economics & Statistics)
आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय
(Directorate of Economics & Statistics)

बुक नं. : 3332 प्र. क्र. : RS/343/2307/449/2024

विवाह रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र
(Marriage Registration Certificate)
म. प्र. विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण नियम 2008, नियम 10 (2)
M.P. Compulsory Registration of Marriages Rule 2008, Rule 10 (2)

It is here by Certified that Shri KRISHNA BAWARIYA S/o RADHELAL BAWARIYA Aged 24 Years, Resident of AMBEDKAR NAGAR,SUDMA NAGAR, WARD NO,08 ITARSI District NARAMDAPURAM, State/UT Madhya Pradesh and Smt. RIYA BAWARIYA D/o DINESH Aged 19 Aged Years, Resident of BEDIYA,KHARGONE District KHARGONE State/UT Madhya Pradesh are tied in the knot marriage on date 04/01/2024

रजिस्ट्रीकरण क्रमांक/Registration No. RS/343/2307/449/2024 तारीख/Date 08/05/2024.

स्थान/Place : Itarsi

RITU MEHRA
मुख्य नगरपालिका अधिकारी

click here to verify Print

Scanned with OKEN Scanner

नाम दर्ज कराने के लिए विवाह प्रमाण पत्र (पंजीकरण क्र. : आरएस/343/2307/449/2024 बुक नंबर 3332 दिनांक 08-05-2024) प्रस्तुत किया। परंतु दस्तावेज वैरीफाई करते समय उक्त विवाह प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया है, जो कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी की पदमुद्रा से जारी हुआ है।

### विवाह प्रमाण पत्र की जांच कराने की मांग

आधार केन्द्र संचालक, गांधी वाचनालय इटारसी चेतन पटेल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखे पत्र में उक्त विवाह प्रमाण पत्र की जांच कराने की मांग की है। हो सकता है कि ऐसे और भी प्रमाण पत्र जारी हुए हों, इटारसी नगर पालिका में पूर्व में भी जाली मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने का एक मामला वर्षों पूर्व सामने आ चुका है, ऐसे में जाहिर है, फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने का कोई काम यहां से भी हो रहा हो, बहरहाल जांच निष्पक्षता से हो तो सच सामने आ सकता है, आखिर मामला नगर पालिका की प्रतिष्ठा से जुड़ा है, और ऐसे सवाल नगर पालिका पर जब तक उठते रहे हैं।

### पहले भी आ चुके हैं मामले

विगत दिनों फर्जी जन्म प्रमाण पत्र भी इटारसी में मिल चुके हैं, लेकिन इस पर संबधित विभाग ने कोई संज्ञान नहीं लिया हैं, जिसके कारण फर्जीवाडा करने वालों के हौसले बुलंद हैं। लोग इनके पास इसलिए जाते है क्योंकि नगर पालिका और अस्पताल में उनको कई चक्कर लगवाये जाते हैं। कभी सॉफ्टवेयर का कारण बताकर, कभी बाबू नहीं है आदि कारण बताकर उनको में आज-कल पर टाला जाता है। ऐसे में ये ऑनलाइन प्रमाण पत्र के लिए चले जाते हैं और वहां फर्जी सॉफ्टवेयर के जरिए उनको सिर्फ फर्जी प्रमाण पत्र दिया जाता है, बल्कि में लूट भी की जाती है। किसी तरह कर्ज लेकर तो गरीब तबका प्रमाण पत्र बनवाता है और जब पर आधार केन्द्र पहुंचता है तो पता चलता है वह फर्जी हैं। इस संबंध में सीएमओ ऋतु मेहरा का कहना है कि यह तो सरासर धोखाधड़ी है, इस पर कानूनी कार्रवाई होना चाहिए। हमने एसडीएम को पत्र लिखा है। मेरे ही हस्ताक्षर हैं और वह ओरिजनल प्रमाण पत्र शमीम के नाम से जारी हुआ है, उसमें एडिटिंग करके यह फर्जी प्रमाण पत्र बनाया है। हम अपने स्तर पर भी जांच करा रहे हैं।

# पीड़ित लोगों की सहायता करने के लिए पुलिस ने बनाई गुड समेरिटंस योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मध्यप्रदेश पुलिस ने सडक़ हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्तियों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने गुड समेरिटंस योजना तैयारी की है जिसमें अंतर्गत जान बचाकर अस्पताल पहुंचाने वाले को धन राशि दी जाएगी। इसके साथ ही किसी की जान बचाने का पुण्य तो मिलेगा ही, उसे किसी कानूनी औपचारिकताओं से भी दूर रखा जा सकेगा। यातायात पुलिस इटारसी ने बाजार क्षेत्र में इस योजना का प्रचार प्रसार किया।

मध्यप्रदेश पुलिस विभाग द्वारा इस योजना को शुरू करने के पीछे सडक़ हादसे में मृत्यु दर कम करना है। सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सडक़ दुर्घटनाओं में उपयुक्त समय में घायल को इलाज नहीं मिलने से मृत्यु में बढ़ोतरी होने के कारण 3 अक्टूबर 2021 को 'गुड सेमिरिटन योजना' की शुरूआत की है। जिसके तहत ऐसे नेक व्यक्ति को जिसने किसी घातक दुर्घटना (मोटर वाहन से जुड़ी) के अति गंभीर घायल व्यक्ति की तत्काल सहायता प्रदान करके तथा दुर्घटना के गोल्डन ऑवर के भीतर उसे अस्पताल ट्रामा केयर सेंटर पहुंचाकर जान बचाई हो। ऐसे प्रत्येक नेक व्यक्ति को पुरस्कार की राशि प्रति घटना 5000 रुपए प्रदान किये जाने की योजना है, इसके साथ ही ऐसे व्यक्तियों को उनकी इच्छानुसार कानूनी औपचारिकताओं से भी अलग रखा जायेगा, जिसके कारण आमजन घायलों की सहायता करने में कतराते हैं। इसी कारण घायलों को सही समय पर इलाज नहीं मिलने से प्रति वर्ष सडक़ दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या वृद्धि हो रही है।

इस योजना का उद्देश्य किसी व्यक्ति को बिना भुगतान / इनाम की उम्मीद के बिना विशेष संबंध के सडक़ दुर्घटना या आपातकालीन स्थिति में घायल व्यक्ति को तत्काल चिकित्सीय सहायता या आपातकालीन देखभाल प्रदान करने के लिये स्वेच्छा से आगे आने के लिये प्रेरित करना है। गुड सेमिरिटन योजना, गुड सेमिरिटन (नेक व्यक्ति) को सडक़ दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों पर उत्पीडऩ से बचाता है, उन्हें उनकी इच्छा के विरूद्ध कानूनी औपचारिकताओं से मुक्त करता है। पुलिस मुख्यालय भोपाल ने निर्देशित किया है कि प्रदेश में सडक़ दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु को कम करने हेतु गुड सेमिरिटन योजना के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करने हेतु 'बनो किसी लाइफ का गुड सेमिरिटन' जागरूकता अभियान का आयोजन 1 जुलाई 2024 से 15 जुलाई 2024 तक किया जाना किया जा रहा है।

### रोजगार मेला 18 को

**नर्मदापुरम।** जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु रोजगार मेला का आयोजन 18 जुलाई को प्रात: 11.00 बजे से 4:00 बजे तक भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा केसला में किया जा रहा है।

### दरवाजे का कब्जा उखाडक़र मूंग की बोरी चुराई

**इटारसी।** पुरानी इटारसी निवासी दो लोगों के खिलाफ एक किसान के खलिहान में बने कमरे के दरवाजे का कब्जा उखाडक़र मूंग की बोरी चोरी करने का मामला इटारसी थाने में दर्ज हुआ है। फरियादी मुन्नालाल पिता शिवनारायण 64 वर्ष, निवासी काबड़ मोहल्ला पुरानी इटारसी ने शिकायत में प्रमोद धुर्वे और आशु चौधरी, दोनों निवासी पुरानी इटारसी का नाम लिखाया है। फरियादी ने बताया कि 3 बोरी मूंग चोरी हुई है, जिसकी कीमत 12750 रुपए बतायी जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# होम्योपैथी औषधि मलेरिया ऑफ 200 का किया वितरण

### जिले के 6 गांव में होगा दवाओं का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में बारिश के मौसम में बढ़ते वर्षा जनित रोगों से मुक्ति के लिए जिला आयुष अधिकारी डा विमला गड़वाल द्वारा बताया गया कि मलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम में होम्योपैथी औषधि मलेरिया ऑफ 200 दवा का वितरण जिले के 6 गांव में किया जाएगा। इस हेतु जिले के आयुष चिकित्सक की ड्यूटी लगाई गई है।

प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी नर्मदापुरम जिले के 6 गांव चिन्हित किए गए हैं जिसमे देवरी कामटी, आमदेह बिजनवाड़ा, मुआर मटकुली, फांसीधना, मल्लूपुरा, भारगदा में वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम दो चरणों में होगा। प्रथम चरण 18 जुलाई से प्रारंभ होगा।

25 जुलाई, 1 अगस्त तक चलेगा। द्वितीय चरण 22 अगस्त, 29 अगस्त, एवं 5 सितंबर तक चलेगा। रोग प्रभावित क्षेत्र के प्रत्येक परिवार के प्रति सदस्य को होम्योपैथी रोग प्रतिरोधक औषधि मलेरिया ऑफ 200 की एक एक खुराक 6-6 गोलियां खिलाई जाएगी।

# सोहागपुर के सेंट पैट्रिक स्कूल में विद्यार्थियों की कैबिनेट का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह की प्रस्तुति दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



स्थानिय सेंट पैट्रिक स्कूल में छात्र कैबिनेट का गठन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एस.आई. रामेश्वर वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया । साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी स्कूल प्रबंधन से शुभम जैन ने बताया कि छात्र कैबिनेट में प्रधानमंत्री कुमकुम ठाकुर , उप प्रधानमंत्री अनिकेत पटेल , शिक्षा मंत्री माही डौर ,और उप शिक्षा मंत्री अक्षत जेठवानी , स्वास्थ्य मंत्री भूमि वैष्णव एवं उप स्वास्थ्य मंत्री देव जेठानी , सांस्कृतिक मंत्री सौम्या ग्रेसी कुजूर , उप सांस्कृतिक मंत्री सार्वी पटेल , खेल मंत्री राज रघुवंशी , उप खेल मंत्री युवराज मेहर , अनुशासन मंत्री आयुषी रघुवंशी, उप अनुशासन मंत्री करण सरकार, पर्यावरण मंत्री अर्पिता गुप्ता , उपपर्यावरण मंत्री हंसिका रघुवंशी , रेड हाउस कैप्टन नंदिनी रघुवंशी , उपरेड हाउस कैप्टन अपूर्व शुक्ला , ग्रीनहाउस कैप्टन रेचल सिंह , उपग्रीन हाउस कैप्टन आर्यव्रत सिंह तोमर, ब्लू हाउस कैप्टन मुस्कान गोस्वामी, उपब्लू हाउस कैप्टन राज नैनानी, येलो हाउस कैप्टन निशि सराठे , उपयेलो हाउस कैप्टन शिवांजय पटेल बने । समस्त नवगठित कैबिनेट सदस्यों को प्राचार्य फा. दिलीप कुमार मिंज द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एस. आई. रामेश्वर वर्मा द्वारा सभी सदस्यों को विद्यालय हित में कार्य करने एवं आगामी भविष्य में कुशल नेतृत्व क्षमता विकसित करने हेतु प्रेरित किया । कार्यक्रम में नवगठित कैबिनेट सदस्यों के माता-पिता समस्त स्कूल स्टाफ और छात्र-छात्रा उपस्थित रहे ।

# माखनलाल चतुर्वेदी कालेज में किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

प्रधानमंत्री के आव्हान पर एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा शासकीय पं. माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय माखन नगर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान विकासखंड समंवयक नरेंद्र देशमुख, प्राचार्य डॉ नीता चौबे, वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद सविता सुरेश यादव, प्रो आईएस कनेस, आरएस पटेल, नवांकुर संस्था के प्रमुख हरीश नामदेव, नीरज चतुर्वेदी, विपिन यादव, जितेंद्र मीना, नीतिराज यादव, परामर्शदाता सुरेश यादव, हर्ष तिवारी, मुल्लू पाल, पूनम मीणा सहित अनेक सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# छात्रावास में ही कोचिंग हेतु इच्छुक शिक्षक से 20 जुलाई 2024 तक आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासन द्वारा विभागीय जिले में संचालित उत्कृष्ट छात्रावासों एवं महाविद्यालय जिन छात्रावास में निवासरत छात्राओं को छात्रावास में ही कोचिंग हेतु शैक्षणिक सत्र 2024 25 के लिए इच्छुक शिक्षक व्याख्याता 20 जुलाई 2024 तक संबंधित छात्रावास अधीक्षकों को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम ने उक्त संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया है कि उत्कृष्ट कन्या छात्रावास नर्मदापुरम में कक्षा 9वी से 12वीं तक के लिए कोचिंग के विषय अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, भौतिक, रसायन, कंप्यूटर के लिए, उत्कृष्ट कन्या छात्रावास केसला में कक्षा 9वी से 12वीं के लिए अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, भौतिक, रसायन, कंप्यूटर के लिए, उत्कृष्ट बालक छात्रावास केसला में कक्षा 9वी से 12वीं के लिए अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, भौतिक, रसायन, कंप्यूटर के लिए, उत्कृष्ट बालक छात्रावास पचमढ़ी में कक्षा 9वी से 12वीं के लिए अंग्रेजी, गणित, भौतिकी, रसायन, कंप्यूटर के लिए, महाविद्यालय जनजातीय बालक छात्रावास नर्मदापुरम में स्नातक / स्नातकोत्तर के लिए अंग्रेजी, महाविद्यालय जनजातीय कन्या छात्रावास नर्मदापुरम में स्नातक / स्नातकोत्तर के लिए अंग्रेजी, महाविद्यालय जनजातीय कन्या छात्रावास इटारसी में स्नातक / स्नाकोत्तर के लिए अंग्रेजी, महाविद्यालय जनजातीय बालक छात्रावास पिपरिया में स्नातक / स्नाकोत्तर के लिए अंग्रेजी, महाविद्यालय जनजातीय नवीन छात्रावास नर्मदापुरम में स्नातक / स्नाकोत्तर के लिए अंग्रेजी, महाविद्यालय जनजातीय कन्या छात्रावास इटारसी में स्नातक / स्नाकोत्तर के लिए अंग्रेजी, महाविद्यालय अनु. जाति बालक छात्रावास नर्मदापुरम में स्नातक / स्नातकोत्तर के लिए अंग्रेजी, एवं महाविद्यालय अनु. जाति बालक छात्रावास नर्मदापुरम में स्नातक / स्नातकोत्तर के लिए अंग्रेजी, महाविद्यालय अनु. जाति कन्या छात्रावास नर्मदापुरम में स्नातक / स्नातकोत्तर के लिए अंग्रेजी, की कोचिंग हेतु चयनित शिक्षकों को शासन द्वारा निर्धारित मानदेय देय होगा। आवेदन पत्र के साथ कार्यरत संस्था का अनापत्ति आदि साथ लाना होगा।

## ट्रेन में भजन कीर्तन के साथ वैष्णोदेवी धाम पहुंचे श्रृद्धालु

# अच्छी वर्षा व अमन-चैन के लिए देवी दर्शन को निकले भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



देश, प्रदेश सहित जिले में अच्छी वर्षा, अमन-चैन और आपसी सद्भाव की कामना लेकर माता वैष्णो के दरबार में शनिवार को करीब पांच सैंकड़ा श्रद्धालु इटारसी रेलवे स्टेशन से कटरा जम्मू के लिए रवाना हुए। झेलम एक्सप्रेस से रवानगी से पूर्व दुर्गा मंदिर दुर्गा चौक से मां के दरबार की शोभायात्रा निकाली। ट्रेन की एक बोगी में माता का दरबार सजा और सुबह की आरती, भजन कीर्तन के साथ भक्त रवाना हुए। रेलवे प्लेटफार्म पर भक्तों ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य भी किया।

इस वर्ष लगभग पांच सौ श्रद्धालु त्रिकूट पर्वत पर विराजीं माता महालक्ष्मी, महाकाली, महासरस्वती (मां वैष्णो) के दर्शन करने कटरा रवाना हुए हैं जो रविवार को दोपहर में कटरा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। विगत 48 वर्षों से मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए भक्तों का जत्था जाता है। यह 49 वे वर्ष की धार्मिक यात्रा है। तीर्थयात्री ट्रेन की एक बोगी में दरबार सजाकर सुबह आरती की। दोनों वक्त आरती करते, प्रसाद वितरण तथा भजन-कीर्तन करते यात्रा की जाती है।

### पांच सौ तीर्थयात्री रवाना हुए

यह यात्रा दुर्गा चौक समिति के बैनर तले जत्था प्रभारी सतीश बतरा के मार्गदर्शन और जतिन बतरा के नेतृत्व में होती है। इस वर्ष यात्रा में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से करीब 500 भक्त शामिल हो रहे हैं। पिछले 48 वर्षों में अब तक 25 हजार से अधिक भक्त माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जा चुके हैं, इनमें इटारसी एवं आसपास के अलावा नर्मदापुरम के तीर्थयात्री भी जाते हैं। इस वर्ष भी नर्मदापुरम के तीर्थयात्री इस यात्रा में साथ जा रहे हैं।

### पंद्रह सौ लोगों का भंडारा होगा

जतिन बतरा ने बताया कि पिछले साल से समिति ने एक नयी व्यवस्था प्रारंभ की है, इसके तहत कटरा में भक्तों के लिए भंडारा भी आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भंडारा 14 जुलाई को होगा, जिसमें करीब पंद्रह सौ श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था रहेगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माता वैष्णो देवी के दरबार में इटारसी से भक्त हाजिरी लगाने पहुंचेंगे।

### वर्ष 1978 में शुरुआत

पहले वर्ष माता दर्शन को जाने वाले सतीश बतरा, अन्नू गुप्ता, बृजमोहन सैनी, रमेश भार्गव और मालवीय गुरुजी ने यात्रा शुरू की थी। अब हर वर्ष भक्तों का जत्था जाता है। ट्रेन में श्रद्धालुओं के लिए सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन, रात का भोजन और अगले दिन सुबह के नाश्ते की व्यवस्था समिति की तरफ से की जाती है।

### महाविद्यालय के उन्नयन होने से विद्यार्थियों की अब उच्च शिक्षा होगी और बेहतर

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के 55 जिलों के महाविद्यालयों को ₹प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उन्नयन किया जा रहा है। इस योजना में नर्मदापुरम के शासकीय नर्मदा महाविद्यालय का उन्नयन हुआ है। नर्मदापुरम के महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के उन्नयन होने से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अन्य विषयों को पढ़ाया जाएगा। प्राचार्य शासकीय नर्मदा महाविद्यालय ओएन चौबे ने बताया कि महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उन्नयन हुआ है। इसके उन्नयन होने से अब इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए बहु संकाय अध्यापन शुरू की गई है। बच्चों के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। यहां पर भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी पुस्तकों का भी प्रदर्शन रहेगा। यहां पर अध्यन-अध्यापन की सुविधा रहेगी। भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत विद्यार्थियों को वेद, पुराण से संबंधित सारी सामाग्री की सुविधा दी जाएगी। साथ ही म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी की जो पुस्तकें प्रकाशित होती है उनका भी स्टॉल लगाया जाएगा। प्राचार्य श्री चौबे ने बताया महाविद्यालय में विद्या वन बनाया जा रहा है, विद्या वन में विद्यार्थी और आम नागरिक भी अपने परिवारजनों के नाम से पौधारोपण कर सकेंगें। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय को आकर्षक बनाया जा रहा है। पूरे परिसर में रंगरोगन किया गया है। साथ ही संभाग स्तरीय महाविद्यालय होने के कारण यहां विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा की कार्य योजना भी बनाई गई है।

## घटिया निर्माण के कारण छह माह के अंदर ही उखड़ गई सड़क

# सीसी सड़क का अधूरा निर्माण कर संपूर्ण राशि निकाले जाने की पंच ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ग्राम पंचायत खंडवा के वार्ड क्रं. 15 के पंच उमेश माहेश्वरी ने कलेक्ट्रेट व जिला पंचायत में शिकायत कर बताया कि विधायक निधी से 18 अगस्त 2022 को 3 लाख रुपए से हायर सेकंडरी स्कूल से अब्बास अली के घर तक सीसी रोड बनाना थी किन्तु उक्त सड़क आधी से भी कम बनाई गई है और पूर्ण सडक़ का भुगतान कर दिया गया है और उक्त सड़क निर्माण 24 अगस्त 2023 को कार्य पूर्ण होना दर्शाया गया है। सड़क का निर्माण कार्य घटिया मटेरियल से हुआ है। सड़क का निर्माण भी घटिया हुआ है, जिसके कारण मात्र 6 माह के अन्दर ही सड़क उखड़ गई है। उक्त सड़क निर्माण में जिनसे सड़क निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय की गई है, उसके बिल भी बिना जीएसटी के बिल लगाकर मिली भगत से भुगतान कर दिया गया है, जिनके बिलों की छायाप्रति पत्र के साथ संलग्न है और उक्त सड़क निर्माण हेतु कोई टेंडर भी नही निकाला गया है। विधायक निधि से ग्राम पंचायत को सड़क निर्माण हेतु 16 अगस्त 2022 को स्वीकृत हुए 2 लाख रुपए से अरावली के घर से बदुद खां के घर तक अधूरी सड़क बनाई गई और पूरा निर्माण कार्य का पंचायत पोर्टल पर दर्शाते हुए पैसे हड़प लिये गये।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन चौकी में किया पौधरोपण

**इछावर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को खिवनी अभयारण्य की दौलतपुर और रूपादा वन चौकी में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वन अमले द्वारा छायादार प्रजाति के दर्जनभर से अधिक पौधे रोपे साथ ही उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में वनपाल पूरनसिंह राजपूत के नेतृत्व में वन रक्षक बजरंग सिंह चौहान , सुरक्षा श्रमिक विरेन्द्र सिंह , सुरेश वर्मा आदि ने शीशम , बबूल , आंवला, महुआ और तुलसी के पौधे रोपे।इस दौरान रोपे गये पौधों की सुरक्षा के इंतजाम करने के साथ ही उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### बड़े भाई और भतीजों ने पीटा, अस्पताल में भर्ती

**हरदा।** छीपाबड़ थाना के धनवाड़ा में बड़े भाई और उसके बेटों ने शराब के नशे में छोटे भाई को रस्सी से बांधकर उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में युवक के सिर, चेहरे और पैर में चोट आई है। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में एडमिट कराया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के एक गांव में स्टोन क्रशर पर मजदूरी करने वाले युवक को शराब के नशे में उसके बड़े पिता के बेटे और उसके बेटों सहित चार लोगों ने रस्सी से बांधकर पीटा। जिला अस्पताल में भर्ती पीड़ित ने आरोप लगाया है कि पड़ोस में ही रहने वाला उसके बड़े पिता का बेटा आए दिन उसे कहता है कि उसकी पत्नी बूढ़ी हो गई है। तो तेरी पत्नी को रखकर तुझे रास्ते से हटा दुंगा। पीड़ित ने बताया कि उसके घर वापस लौटने पर पत्नी ने उसे सारी बात बताई। जिस पर पीड़ित समझाइश देने उसके घर गया। इस दौरान दोनों के बीच झगड़ा हो गया और चार लोगों ने उसे रस्सी से बांधकर जमकर पीटा। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान आरोपी और पीड़ित दोनों शराब के नशे में थे। जिसके बाद उसकी पत्नी ने डायल हंड्रेड को फोन कर बुलाया। फिलहाल अस्पताल चौकी में घायल युवक के बयान लेकर मामले की जांच की जा रही है।

### ब्रिज के नीचे मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम कोलीपुरा टप्पर के पास शनिवार सुबह हाईवे पर बने ब्रिज के नीचे एक युवक का शव मिला है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर आकर पड़ताल शुरू की गई। टीआई अमित भावसार ने बताया कि मृतक के पास मिले आधार कार्ड में उसका नाम राजेश पाटीदार (45) निवासी ग्राम इकलेरा तहसील बागली जिला देवास के रूप में हुई है। प्रथम दृष्ट्या सामान्य मौत लग रही है लेकिन पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल पाएगा।ओर इस बात को लेकर जांच की जा रही है कि वो यहां कैसे आया। फिलहाल पंचनामा तैयार कर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है।

### उत्कृष्ट में 20 सीट खाली

**हरदा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 11वीं जीव विज्ञान संकाय की 20 सीटें अभी भी खाली हैं। प्राचार्य सरिता तोमर ने बताया ऐसे विद्यार्थी जिनके 10वीं में 60 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हैं, वे स्कूल में प्रवेश ले सकेंगे। संकाय की 40 सीटों पर प्रवेश हो चुका है। शेष बची 20 सीटों पर प्रवेश के लिए स्कूल में प्राचार्य से जानकारी लेकर आवेदन करना होगा।

### शिवम वाटिका में पौध रोपण किया

**हरदा।** ब्रह्माकुमारी बहनों के मार्ग दर्शन में शुक्रवार को शिवम वाटिका में रहवासियों द्वारा पौधरोपण किया गया। कल्पतरू एक व्यक्ति एक वृक्ष अभियान के तहत 10 फलदार और 5 फूल वाले पौधों का रोपण किया। बीके किरण ने बताया पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व होता है। यह हमें ना सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं बल्कि तमाम प्रकार के फल, फूल, जड़ी-बूटियां, लकड़ियां भी प्रदान करते हैं। पौधों को लगाना जितना जरूरी है, उतना जरुरी उनकी देखभाल भी है। पेड़ वायु प्रदूषण को कम करने और ऊर्जा संरक्षण में मदद करते हैं। वे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार करते हैं। पेड़ मिट्टी के कटाव को रोकते हैं।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का आज शुभारंभ

**हरदा।** मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वामी विवेकानन्द कॉलेज हरदा को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयित किया जा रहा है। प्राचार्य स्वामी विवेकानन्द कॉलेज डॉ. संगीता बिले ने बताया कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन समारोह दोपहर 1.30 बजे से आयोजित होगा।

### 24 घंटों में जिले में 8.4 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 8.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 23.4 मि.मी., टिमरनी में 17.2 मि.मी., खिरकिया में 1.4 मि.मी वर्षा दर्ज की गई।

## कलेक्टर आदित्य सिंह ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

# लापरवाही बरतने वालों को नोटिस किए जारी, 15 दिन का कटेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर आदित्य सिंह ने शनिवार को जिला चिकित्सालय हरदा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय के टायलेट में सफाई नहीं पाए जाने, डस्टबिन उपलब्ध न होने, व कूलरो में पानी नही भरने पर एजेन्सी के सुपर वाईजर प्रदीप तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल प्रबंधक जितेन्द्र वर्मा को कार्य में लापरवाही एवं जिला चिकित्सालय में गंदगी पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस देते हुए 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश सिविल सर्जन हरदा डॉ. मनीष शर्मा को दिये।

कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय मे आई सामग्री एवं अनुपयोगी सामान अस्त व्यस्त पडे होने पर स्टोर कीपर को नोटिस जारी करने के निर्देश सिविल सर्जन हरदा को दिये। उन्होने दीवारो पर लगे अनुपयोगी पोस्टरों को हटाने व उन्हे उचित स्थान पर लगवाने के निर्देश अस्पताल प्रबंधक को दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होने एसएनसीयू वार्ड का रिकार्ड देखा। कलेक्टर सिंह ने एसएनसीयू से डिस्जार्च बच्चों का आशा कार्यकताओ के द्वारा फालोअप करने के निर्देश दिये। उन्होने निरीक्षण के दौरान एनआरसी में ए.सी लगवाने, एनआरसी की छत की मरम्मत व वाटर प्रूफिंग कराने, कूडेद्रान की प्रतिदिन सफाई कराने, मरीजों के लिए वेटिंग एरिया का निर्माण, दीवारों पर प्रेरणादायक अच्छे स्लोगन लिखवाने, पुरानी अनुपयोगी बिल्डिंग एवं पुरानी पानी की टंकी को डिसमेंटल कर वहां पार्क एवं वाहन पार्किंग बनाने के निर्देश दिये भी दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन निरीक्षण करने एवं उसका रिकार्ड संधारित करने के निर्देश भी सिविल सर्जन डॉ. शर्मा को दिये। उन्होने निर्माणधीन अस्पताल का निरीक्षण भी किया और निर्माण कार्य में पुट्टी एवं अन्य कार्य ठीक ढंग से न होने तथा कार्य करने वाली ऐजेन्सी उपस्थित न होने पर पीआईयू के अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण आरईएस, पी डबल्यू डी एवं एनएचएम के इंजीनियर की संयुक्त टीम से करने के निर्देश दिए।

## कुंडी भंडारा रोड का ननि अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कराया पेचवर्क

### कहा-एक साल पहले लिखा था पत्र, सुनवाई नहीं



**बुरहानपुर।** उप नगर लालबाग स्थित चिंचाला वार्ड के कुंडी भंडारा रोड पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। यहां देशभर के अलावा विदेशों से भी पर्यटक कुंडी भंडारा देखने आते हैं, लेकिन नगर निगम ने जर्जर रोड का निर्माण नहीं कराया। इसे देखते हुए नगर निगम अध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व पार्षद अमर यादव जो पेशे से ठेकेदार भी हैं उन्होंने खुद ही अपने खर्च पर रोड का पेचवर्क कराया। पूर्व पार्षद अमर यादव ने बताया 2005 में कुंडी भंडारा रोड पर पैवर ब्लाक लगे थे, लेकिन यह धीरे धीरे टूटते गए और रोड खराब हो गया। अब यहां बड़े बड़े गड्ढे हो गए। निजी कंपनी ने जलावर्धन पाइप लाइन डालने के लिए खुदाई की थी उसके कारण भी रोड खराब हुआ। इसे लेकर करीब सालभर पहले नगर निगम महापौर, आयुक्त को पत्र लिखा था, लेकिन रोड का निर्माण नहीं कराया गया। 16.50 लाख की लागत से रोड टेंडर प्रक्रिया में है, लेकिन इधर रहवासी और पर्यटक परेशान हो रहे हैं इसलिए स्वयं के खर्च पर इसका पेचवर्क कराया।

### लोग बोले- आने जाने में होती है परेशानी

रहवासियों ने कहा हमें रोड खराब होने के कारण आवागमन में काफी परेशानी होती है। आज पूर्व पार्षद ने गड्ढों का पेचवर्क कराया इससे आमजन की परेशानी कुछ हद तक कम होगी। वहीं नगर निगम आयुक्त ने एक दिन पहले ही कहा था कि नगर में निगम की ओर से भी मुरूम डलवाकर गड्ढे भरे जा रहे हैं, लेकिन लालबाग क्षेत्र में यह काम अभी तक नहीं कराया गया इसलिए निगम अध्यक्ष प्रतिनिधि ने यहां पेचवर्क कराया।

## मोहर्रम पर निकलने वाले अखाड़ा को लेकर अखाड़ा समिति सदस्यों के साथ की बैठक



**बुरहानपुर।** मोहर्रम पर शहर में अखाड़े निकाले जाते हैं। इसे लेकर शनिवार दोपहर कोतवाली में अखाड़ा समितियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला व पुलिस प्रशासन के अफसरों ने समिति सदस्यों से अखाड़ा प्रदर्शन, ताजिये के रूट आदि को लेकर चर्चा की। बैठक में अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहानए एएसपी एएस कनेशए सीएसपी गौरव पाटिलए एसडीएम बुरहानपुर पल्लवी पुराणिक सहित कोतवालीए गणपति नाकाए शिकारपुरा थानों के थाना प्रभारी मौजूद थे। दोपहर 12 बजे से आयेजित बैठक में अखाड़ा समिति सदस्यों से कहा गया कि इस बात का ध्यान रखा जाए कि अखाड़े में कोई भी औजारए हथियारों का उपयोग नहीं हो। लकड़ी के डंडों का उपयोग किया जाएगां ताजियों को सुरक्षित तरीके से पीपालघाट तक पहुंचाया जाएगा। रास्ते के गड्ढे भरे जाएंगे। बिजली के तारों को एक तरफ किया जाएगा। अखाड़ा समिति अपने वालंटियर तैयार करें। कही भी विवाद की स्थिति न बने। प्रकाश टाकीज पर साउंड की व्यवस्था की जाएगी जहां से निर्देश मिलेंगे कि ताजिए और भीड़ को आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान काफी संख्या में अखाड़ा समिति सदस्य मौजूद थे।

## आज से पट्टाभिराम मंदिर में शुरू होगा सात दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव

**हरदा।** शहर के गढ़ीपुरा मोहल्ले में स्थित 121 साल पुराने गुरू गोंदवलेकर महाराज के श्री पट्टाभिराम मंदिर में सालों से गुरू पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता आ रहा है। मंदिर में इस वर्ष में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के विश्वस्त मंडल से मिली जानकारी के अनुसार मंदिर में 14 से 21 जुलाई तक प्रतिदिन अखंड नाम जप व भजन का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति से जुड़े अनंता गोडबोले ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी विश्व कल्याण एवं शांति की भावना को लेकर गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी यहां 8 दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जा रहा है। सात दिनों की राम सत्ता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महिलाओं के अलावा नगर के प्रसिद्ध भजन मंडलों द्वारा भी भगवत भजन किए जाएंगे। वहीं 20 जुलाई शनिवार को सुबह महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण समाज के सदस्यों के द्वारा पारंपरिक भेष भूसा में गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ किया जाएगा। 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के दिन सुबह पांच बजे प्रभात फेरी निकली जाएगी। दोपहर 12 बजे महाआरती कर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## पत्रकार वार्ता- एमपी का बजट, प्रदेश और केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर विधायक ने रखी बात




**बुरहानपुर।** कुछ दिन पहले हुई भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में निर्णय लिया गया था कि 13 जुलाई को प्रदेश के हर जिले में पत्रकार वार्ता आयोजित कर भाजपा नेता मोदी सरकार की केंद्र में बहुमत के साथ वापसी, मप्र सरकार का बजट और केंद्र, राज्य सरकार की उपलब्धियां बताएंगे। इसके तहत शनिवार दोपहर 3 बजे से स्थानीय निजी होटल में पत्रकार वार्ता हुई जिसमें बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनीस ने प्रदेश स्तर से पार्टी की ओर से आए कईं बिंदुओं पर अपनी बात रखी। मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद थे।

बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनीस ने कहा भाजपा सरकार प्रमाणिकता और परिश्रम के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन करती है वहीं कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी लोकतंत्र में मजाक का विषय बन गई है। यह पहली बार हुआ कि कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। अब तक सर्वाधिक कांग्रेसियों ने कांग्रेस छोड़ी है और भाजपा को अपनाया है। प्रदेशाध्यक्ष महिलाओं के प्रति अभद्र और गैरकानूनी टिप्पणियां, कांग्रेस नेतृत्व का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार राजनीतिक परिदृश्य को दूषित करता है। भाजपा का वोट प्रतिशत भी बढ़ा। पार्टी को 293 सीटें मिलीं और जिनसे ढाई गुना कम सीटें जिस बालक बुद्ध के नेतृतव वाली पार्टी को मिली वह 99 पर प्रशन्न हो रहे हैं। वह उसकी जिम्मेदारी समझने की बजाए देश के बहुसंख्य समाज के खिलाफ पार्लियामेंट अपमानजक और गैर जिम्मेदारी की टिप्पणी कर रहे हैं।

### इन योजनाओं का किया बखान

पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, पीएम आवास, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, नशामुक्त भारत अभियान, मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन। एमपी की नई सरकार की उपब्धि बताई।

### इन बिंदुओं पर भी रखी बात

अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण, शिक्षा, महिलाओं का सशक्तिकरण, आयुष्मान कार्ड योजना, हर घर जल व कृषि। एक्सप्रेव वे निर्माण।

## महाअष्टान्हिका पर्व का शुभारंभ आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



जैन धर्म में दो पर्वों का विशेष महत्व है। पर्यूषण एवं अष्टान्हिका महापर्व। इन पर्वों को सामाजिक बंधु महोत्सव के रूप में मना कर पूजा अर्चना, मंडल विधान, अभिषेक, शांतिधारा कर पुण्य प्राप्त करते हैं। समाज के सचिव सुनील जैन एवं प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि 14 जुलाई से 21 जुलाई तक अष्टान्हिका महापर्व का आयोजन खंडवा के समस्त दिगंबर जैन मंदिर भक्ति भाव से आयोजित होगा।

मुख्य कार्यक्रम सराफा स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं सराफा जैन धर्मशाला में आयोजित होंगे। सौभाग्य का विषय है कि इस बार पर्व के दौरान मुनि विनत सागर एवं विश्वमित सागर महाराज के सानिध्य में धर्म की प्रभावना करने का अवसर प्राप्त होगा। पर्व के दौरान प्रतिदिन प्रातः 8.15 से 9.15 बजे तक महाराज के मांगलिक प्रवचन, प्रातः 9.30 बजे से जिनेंद्र भक्ति, नित्य नियम पूजा, भगवान का अभिषेक एवं विश्व शांति एवं सभी के कल्याण के लिए शांतिधारा की जाएगी। सराफा जैन मंदिर में प्रतिदिन दोपहर 1.15 बजे से तेरह द्वीप मंडल विधान की पूजा पंडित निखलेश जैन के निर्देशन में की जाएगी एवं शाम 7 बजे जिनेंद्र भक्ति एवं आरती जिन मंदिर में की जाएगी एवं रात्रि में 8 से 9 तक विद्वान महेश कुमार जैन के प्रवचन सराफा जैन धर्मशाला में होंगे। अष्टानीका पर्व के दौरान खंडवा के सराफा स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, बजरंग चौक स्थित महावीर जैन मंदिर, नवकार नगर मुनीसुव्रत दिगंबर जैन मंदिर, मोधट रोड आदिनाथ जैन मंदिर, कहान नगर आदिनाथ जैन मंदिर, सेठी नगर चंद्रप्रभु जैन मंदिर में पर्व के दौरान प्रातः भगवान का अभिषेक, शांति धारा, नित्य नियम पूजा एवं मंडल विधान की पूजा आयोजित होगी। पर्व के समापन अवसर पर 21 जुलाई रविवार को दोपहर में 1.15 बजे जिनेंद्र भगवान की विशाल रथ यात्रा निकाली जाएगी।



## जिले के 4 फुटबॉल खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे प्रतिनिधित्व

**हरदा।** इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल प्रतियोगिता जिला सिंगरौली में 7 जुलाई से अयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में हरदा, मंडला, छिंदवाड़ा, रायसेन, सिंगरौली की जिले की टीमों के 90 फुटबाल खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि इनमें से मध्य प्रदेश राज्य की टीम में 24 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इनमें हरदा जिले की 4 बालिकाएं भारिगा तेवर, राधिका शर्मा, कार्णिका कैथवास व प्रतिष्ठा जैन भी शामिल हैं। खिलाड़ी 25 जुलाई से कर्नाटक के बेलगाम में आयोजित राष्ट्रीय स्तर फुटबाल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### लोगों ने कैमरे में किया कैद

## ओंकारेश्वर में आसमान में दिखी आदिगुरु शंकराचार्य की प्रतिकृति



**खंडवा।** ओंकारेश्वर में एक अद्भुत घटना ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आसमान में आदिगुरु शंकराचार्य की प्रतिकृति दिखाई दी, जिसे देखते ही लोगों ने तुरंत अपने कैमरों में कैद कर लिया। इस अद्भुत दृश्य ने वहां उपस्थित सभी लोगों को हैरान कर दिया और श्रद्धालुओं में उल्लास की लहर दौड़ गई।

गौरतलब है कि ओंकारेश्वर में ओमकार पर्वत पर आदिगुरु शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। यह प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गई है। श्रद्धालु यहां आकर भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं और अद्वितीय अनुभव प्राप्त करते हैं। प्रतिमा की भव्यता और उसकी ऊंचाई ने सभी को मंत्रमुग्ध कर रही है। भोलेनाथ की नगरी ओंकारेश्वर में इस प्रकार के चमत्कार ने भगवान के प्रति श्रद्धा को और भी गहरा कर दिया है। आसमान में आदिगुरु शंकराचार्य की प्रतिकृति देखना एक अलौकिक अनुभव था, जिसने हर किसी को भक्ति के रंग में रंग दिया। यह प्रतिकृति ओंकारेश्वर के आशीष वर्मा द्वारा क्लिक किए गए जो अब चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग इसे भगवान की कृपा मानकर श्रद्धापूर्वक नमन कर रहे हैं।

### 120 विद्यार्थियों के लिए दो बस उपलब्ध कराई गईं

# अबगांवकला के सीएम राइज स्कूल को मिली बस सुविधा, अब बस से करेंगे आना जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले के अबगांवकला के सीएम राइज स्कूल में शनिवार से निशुल्क बस सेवा प्रारंभ हो गई। सीएम राइज स्कूल में दूर दराज से आने वाले करीब 120 विद्यार्थियों के लिए दो बस उपलब्ध कराई गई। जिनके माध्यम से 2 किलोमीटर से लेकर 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले विद्यार्थी बस से स्कूल आएंगे और वापस घर जाएंगे। पहले दिन करीब 55 बच्चों को उनके घर से स्कूल लाया गया।

इस दौरान उनकी खुशी का ठिकाना ना रहा। बच्चों का कहना है कि पहले उन्हें खेतों की पगडंडियों के बीच चार से पांच किलोमीटर या फिर परिजनों के द्वारा अपने निजी वाहनों से स्कूल लाना ले जाना किया जाता था। लेकिन अब हमें बस की निशुल्क सुविधा मिल गई है। जिससे अब स्कूल आना जाना आसान हो जाएगा। सहायक संचालक एवं प्रभारी डीईओ बलवंत पटेल ने बताया कि बताया गया कि कक्षा एक और दो के बच्चों के लिए एक से दो किलोमीटर की दूरी पर और इससे ऊपर की कक्षाओं के बच्चों को 2 किलोमीटर से अधिक दूरी होने पर घर से स्कूल आने-जाने के लिए बस सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस सौगात से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को लाभ मिलेगा। यह शासन का गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि लगभग 120 बच्चों को दो बसों के माध्यम से स्कूल लाया जाएगा। पढ़ाई के साथ मूलभूत सुविधा ने यह एक ओर वृद्धि है। इससे बच्चे बेहतर तरीके से पढ़ाई करके आगे बढ़ सकेंगे। एक बस आज से शुरू हो गई है। वहीं दूसरी बस भी जल्द से जल्द शुरू हो जाएगी।

### बस में रहेगी महिला कंडक्टर

डीईओ पटेल ने बताया कि गांव से स्कूल आने जाने के दौरान बस में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर महिला कंडक्टर को तैनात किया गया है। ताकि किसी तरह की समस्या आने पर वह उसकी मदद ले सकें। उन्होंने बताया कि जिले में पूर्व से संचालित खिरकिया एवं करताना के सीएम राइज स्कूलों में तीन तीन बसें संचालित हो रही हैं। अब वहां भी एक एक बस की सुविधा बढ़ने जा रही है। जिले में तीन स्थानों पर सीएम राइस स्कूल को स्वीकृति मिल गई है।

## ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में दर्शन में हो रही सुलभता, गर्भग्रह में लगा कांच बदला



**खंडवा।** ओंकारेश्वर विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग नगरी ओंकारेश्वर में इन दिनों श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में अब आम श्रद्धालुओं को सीधे गर्भग्रह में प्रवेश कर दर्शन करने की सुविधा मंदिर प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही है। मंदिर प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में, मंदिर ट्रस्ट ने गर्भग्रह में लगा पारदर्शी कांच बदलवा दिया है।

यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि श्रद्धालुओं द्वारा लगातार काँच पर ठोस पूजा सामग्री फेंकने से काँच में खरोंचें आ गई थीं, जिससे ज्योतिर्लिंग भगवान के दर्शन स्पष्ट नहीं हो पा रहे थे। पिछले दिनों, मंदिर व्यवस्थापक पंडित आशीष दीक्षित ने आम श्रद्धालुओं को दर्शनों में हो रही असुविधा को देखते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारियों के सामने अपनी चिंता प्रकट की थी। मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी राव जंगबहादुर सिंह ने बताया कि गर्भग्रह में लगे कांच पर नारियल, जल का लोटा, बिल्वपत्र की लकड़ी सहित अन्य ठोस सामग्री लगातार लगने से काँच पर खरोंचें आ गई थीं, जिसके कारण श्रद्धालुओं को ज्योतिर्लिंग भगवान भोलेनाथ के दर्शनों में कठिनाई हो रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए गर्भग्रह में कांच बदल दिया गया है। अब श्रद्धालुओं को भगवान भोलेनाथ के स्पष्ट दर्शन होंगे।